प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

18.04.2026/प्रादेशिक समाचार/15:00 बजे

संविधान विधेयक

लोकसभा में संविधान एक सौ इकतीसवां संशोधन विधेयक पारित नहीं हो सका। इस विधेयक में लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित रखने का प्रावधान था। विधेयक पारित न होने पर भाजपा की महिला सांसदों ने संसद भवन परिसर में कांग्रेस और विपक्षी दलों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने लोकसभा में नारी शक्ति वंदन विधेयक के पारित न होने पर कहा कि कांग्रेस का रुख महिलाओं के हितों के खिलाफ प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि देश भर की महिलाएं बड़ी उम्मीदों से देख रही थीं, लेकिन उनकी आकांक्षाएं पर फिलहाल 2029 तक के लिए विराम लग गया।

इस बीच, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की सच्ची वकालत के लिए निरंतर प्रतिबद्धता की आवश्यकता है और यह केवल राजनीतिक दांव–पेच से हासिल नहीं की जा सकती।

विक्रम ठाकुर

भाजपा विधायक व पूर्व मंत्री विक्रम ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार लगातार महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें निर्णय प्रक्रिया में भागीदार बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति को सम्मान और अधिकार देने की दिशा में कई ऐतिहासिक पहल की गई हैं, जिनका असर देश में देखा जा रहा है। विक्रम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्षी पार्टियों ने नारी शक्ति वंदन से जुड़े एक सौ 31वें संविधान संशोधन को आगे बढ़ाने से रोक कर देश की आधी आबादी की आकांक्षाओं को ठेस पहुंचाई हैं। उन्होंने कहा कि वर्षों तक महिलाओं के नाम पर राजनीति करने वाली कांग्रेस आज बेनकाब हो गई है।

इस बीच प्रदेश भाजपा महामंत्री त्रिलोक कपूर ने कहा है कि लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक का गिरना लोकतंत्र के लिए एक काले अध्याय के रूप में दर्ज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति का ये अपमान विपक्षी गठबंधन को भारी पड़ेगा।

हर्षवर्धन

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि प्रदेश सरकार उद्योग व उद्यमियों को आगे बढ़ाने का भरसक प्रयास कर रहीं है।

सोलन में आज उन्होंने कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार कई योजनाओं के माध्यम से उद्यमियों को बढाने का प्रयास कर रही है। हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि सरकार एक जिला तीन उत्पाद के तहत कारीगरों को प्रोत्साहित कर आत्मनिर्भर बनायेगी। इसके तहत हर जिला के तीन उत्पादों को अंतराष्ट्रीय मेलो में पहचान दिलाई जायेगी ताकि स्वयं सहायता समूहों सहित सभी हस्तशिल्पी कारीगर आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने कहा कि उद्योगो का मतलब बड़ें उद्योग स्थापित करना हीं नहीं है बल्कि छोटे कारीगरों को बड़ा मंच प्रदान करना भी है।

विश्व धरोहर दिवस

विश्व धरोहर दिवस आज मनाया जा रहा है। यह दिन सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत की विविधता, संवेदनशीलता और महत्व के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देता है। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर नागरिकों से ऐतिहासिक स्थलों की यात्रा के दौरान उन्हें स्वच्छ और सुरक्षित रखने का संकल्प लेने का आग्रह किया है। उन्होंने नागरिकों से ऐतिहासिक स्थलों का सम्मान करने का भी आह्वान किया। शेखावत ने कहा कि मंदिरों की दीवारें, प्राचीन किलों की नक्काशी और पीढ़ियों से चले आ रहे लोकगीत ही नागरिकों की सच्ची पहचान हैं।

सड़क खस्ताहालत

सोलन– सुबाथू सड़क मार्ग की खस्ताहालत के चलते स्थानीय लोगों सहित अन्य यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले कई वर्षों से इस सड़क पर बहुत ज्यादा गड्ढे पड़े हुए हैं, जिससे वाहन चालकों को काफी दिक्कतें आ रही हैं। उल्लेखनीय है कि यह सड़क मार्ग सोलन सहित कसौली विधानसभा क्षेत्र को जोड़ता है वहीं अर्की विधानसभा क्षेत्र के लोगों का भी यह सोलन से मुख्य मार्ग है। स्थानीय लोगों ने राज्य सरकार से जल्द इस खस्ताहाल सड़क की मुरम्मत कराने का आग्रह किया है।

———————————————————————————————

———————————————————————————————